This question paper contains **8** printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**7933**

**LL.B./II Term** **E**

Paper LB-204—PROPERTY LAW

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

P.T.O.

1. (*a*) "There is no comprehensive definition of the expression 'immovable property' in the T.P. Act, 1882. Each can has to be decided on its own merit."

Discuss with the help of decided cases. 10

"सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 में 'स्थावर सम्पत्ति' अभिव्यक्ति की कोई व्यापक परिभाषा नहीं दी गई है । हर केस को उसके गुण-दोष पर विनिश्चित करना पड़ता है ।"

विनिश्चित केसों की सहायता से विवेचन कीजिए ।

(*b*) Discuss giving reasons whether the following are movable or immovable properties : 10

(*i*) A right to work mines and carry the coal for 2 years.

(*ii*) Oil engine attached to land by mortgagus of land.

(*iii*) A right to graze cattle over the land for one year.

(*iv*) A right to grow and appropriate grass for six months.

कारण स्पष्ट करते हुए विवेचन कीजिए क्या निम्नलिखित जंगम सम्पत्तियाँ हैं या स्थावर सम्पत्तियाँ :

(*i*) दो वर्षों के लिए खनन कार्य करने और कोयला ले जाने का अधिकार ।

(*ii*) भूमि के बंधकदार द्वारा भूमि पर गाढ़ा गया ऑइल इंजन ।

(*iii*) भूमि पर एक वर्ष हेतु पशु चराने का अधिकार ।

(*iv*) छह मास के वास्ते घास उगाने तथा उसे विनियोजित करने का अधिकार ।

2. (*a*) "A person buying property in a municipal area must be deemed to be aware that municipal taxes are a charge on a property, that there is a possibility of such taxes being in arrears and that it is his duty to enquire about such arrears, if he fails to do so he would always be deemed to have notice of such taxes." Naval Kishore *Vs*. Agra Muncipility 1943 ALJ 53. How far do you agree with the above statement ? 15

"म्युनिसिपल क्षेत्र में सम्पत्ति क्रय करने वाले व्यक्ति को इसका जानकार होना समझा जाएगा कि सम्पत्ति पर म्यूनिसिपल करों का प्रभार लगता है, ऐसे करों की राशि के बकाया होने की संभावना है तथा ऐसे करों के बकाया के बारे में पूछताछ करना उसका कर्त्तव्य है, यदि वह ऐसा करने में विफल रहता है तो हमेशा समझा जाएगा कि उसको ऐसे करों की सूचना थी ।" नवल किशोर **बनाम** आगरा नगरपालिका 1943 ALJ 53 । आप उपर्युक्त कथन से कहाँ तक सहमत हैं ?

(*b*) What are the conditions subject to which a registered instrument operates as a constructive notice ? 5

वे कौनसी शर्तें हैं जिनके अध्यधीन रजिस्ट्रीकृत लिखत आन्वयिक नोटिस के रूप में कार्य करते हैं ?

3. "Section 6(a) of the T.P. Act, 1882 enacts a rule of substantive law while Sec. 43 enacts a rule of estoppel which is one of evidence."

Elucidate the above statement in the light of the decided case Jumma Masjid Mercara *Vs.* Kodaimanidra Deviah, AIR 1962 S.C. 847. 20

"सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 की धारा 6(a) मूल विधि का नियम अधिनियमित करती है जबकि धारा 43 विबन्ध का नियम अधिनियमित करती है जो एक साक्ष्य है ।"

उपर्युक्त कथन की विशद व्याख्या विनिश्चित केस Jumma Masjid Mercara *Vs.* Kodaimanidra Deviah, AIR 1962 S.C. 847 को ध्यान में रखते हुए कीजिए ।

4. "The effect of the doctrine of *Lis Pendens* as embodied in Section 52 of the TP Act, 1882 is not to annual all voluntary transfers affected by the parties to the suit, but only to render it subservient to the right of the parties thereto under the degree or order which may be made in that suit."

Discuss with the help of decided cases. 20

"सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 की धारा 52 में यथामूर्त वादकालीन वाद के सिद्धान्त का परिणाम वाद के पक्षकारों द्वारा किए गए सभी स्वैच्छिक अन्तरणों को वातिल किया जाना

नहीं है बल्कि उसे केवल डिग्री अथवा आदेश के, जो वाद में दिया जा सकता है, अधीन उसके पक्षकारों के अधिकारों का हितसाधक बनाना है ।"

विनिश्चित केसों की सहायता से विवेचन कीजिए ।

5. "Restrictions repayment to the interest created are always void." Comment.

Are the following conditions imposed by the transferror against the transferee valid ?

(i) The transferee cannot transfer the property outside the family. 10

(ii) The transferee still not sublet the lawn on rent which has been transferred absolutely to him. 10

"सृष्ट हित के प्रतिकूल निर्बन्धन सदैव शून्य होते हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

क्या अन्तरक द्वारा अन्तरिती के विरुद्ध अधिरोपित निम्नलिखित शर्तें विधिमान्य हैं ?

(i) अन्तरिती परिवार से बाहर सम्पत्ति को अंतरित नहीं कर सकता है ।

(*ii*) अन्तरिती को जो लॉन आत्यंतिक रूप से अंतरित किया गया उसे उप-किराये पर नहीं देगा ।

6. Briefly discuss the following :

(*a*) Principles involved in validity effecting a transfer in favour an unborn person. 10

(*b*) Rule against perpetuity. 10

निम्नलिखित का संक्षिप्त विवेचन कीजिए :

(*a*) किसी अजात व्यक्ति के पक्ष में अन्तरण को वैध रूप में कार्यान्वित करने में अपनाए गए सिद्धान्त ।

(*b*) शाश्वतता के विरुद्ध नियम ।

7. What is a clog on equity of Redemption ?

X executes a mortgage in favour of Y, providing on the deed that X would be entitled to redeem the property only within six months after 85 years failing which he would lose the right of redemption. Discuss the validity of such a condition. 20

मोचन की साम्य बाधा क्या होती है ?

X ने Y के पक्ष में एक बंधक निष्पादित किया जिसके विलेख में प्रावधान था कि X सम्पत्ति को केवल 85 वर्षों के बाद छह

मास के अन्दर मोचित करने का हकदार होगा जिसमें विफल होने पर उसका मोचन का अधिकार समाप्त हो जाएगा । ऐसी शर्त की विधिमान्यता का विवेचन कीजिए ।

8. Write short notes on any *two* of the following : 20

(*i*) Amino Attestandi

(*ii*) Sec. 5 of the T.P. Act of 1882

(*iii*) Revocation of gifts.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) Amino Attestandi

(*ii*) सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 5

(*iii*) दानों का प्रतिसंहरण ।